# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनाँक 19 सितम्बर, 2025 का कार्यवृत्त

मानीय प्रबन्ध परिषद की 62वीं बैठक दिनाँक 19 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 के0के0 सिंह, कुलपति | **अध्यक्ष** |
| 2. | श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद | **सदस्य** |
| 3. | श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक | **सदस्य** |
| 4. | श्री विनोद कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन के प्रतिनिधि) (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 5. | डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 6. | श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर, मेरठ। | **सदस्य** |
| 7. | श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री, चांदपुर, बिजनौर। | **सदस्य** |
| 8. | श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक, मुजफ्फरनगर। | **सदस्य** |
| 9. | श्री सतीश कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 10. | डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 11. | श्री अशोक कुमार यादव, संयुक्त निदेशक, कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 12. | डा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)–(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 13. | डा0 मानव, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 14. | श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक | **सदस्य सचिव** |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक, सदस्य सचिव द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 62.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनाँक 20 अगस्त, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनांक 20 अगस्त, 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 62.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनाँक 20 अगस्त, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनांक 20 अगस्त, 2025 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

मा0 प्रबन्ध परिषद की 61वीं बैठक दिनांक 20 अगस्त, 2025 के बिन्दु संख्या–61.3– विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केन्द्र (Centre for International Relations) की स्थापना के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद एवं श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर द्वारा उक्त केन्द्र के संचालन के दृष्टिगत नियुक्ति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। जिसपर सदन को अवगत कराया गया कि उक्त केन्द्र के संचालन के लिए डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय को नियुक्त कर दिया गया है।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 62.3 : डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक (जैव प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय) द्वारा पूर्व में दिनांक 20.12.1999 से दिनांक 02.08.2004 तक प्रवक्ता, मेरठ कॉलेज, मेरठ एवं दिनांक 02.08.2004 से दिनांक 05.02.2007 तक रीडर पद पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पद पर दी गयी सेवाओं को वर्तमान सेवा सहित पेंशन आगणन हेतु जोड़ने के सम्बन्ध में।**

डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, (जैव प्रौद्योगिकी), जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा पूर्व में दिनांक 20.12.1999 से 02.08.2004 प्रवक्ता, मेरठ कालेज, मेरठ एवं 02.08.2004 से 05.02.2007 तक रीडर पद पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पद पर दी गयी सेवाओं को पेंशन आगणन हेतु जोड़ने के सम्बन्ध में अनुरोध के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, (जैव प्रौद्योगिकी), जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में दिनांक 05.02.2007 (पूर्वान्ह) को सह प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी के पर पर योगदान किया था । डा0 पुष्पेन्द्र कुमार द्वारा प्रेषित पत्र के उपरान्त निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण कार्यालय के पत्र संख्या सवप/2024/नि0प्र0अनु0/1813, दिनांक 10.07.2024 द्वारा प्राचार्य, मेरठ कालेज, मेरठ एवं कुल सचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को प्रेषित किया गया था। प्राचार्य, मेरठ कोलेज मेरठ के पत्र संख्या 4247/XXVII-1, दिनांक 16.12.2024 (पताका–अ) द्वारा डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, की प्रवक्ता एवं कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ पत्र सं0 सम्बद्धता/ I/3183, दिनांक 12.08.2025 एवं सम्बद्धता/ I/3183, दिनांक 12.08.2025 द्वारा पूर्व सेवाओं को जोड़ने एवं सत्यापन करते हुये अन्य अभिलेख उपलब्ध करा दिये गये है। डा0 पुष्पेन्द्र कुमार की पूर्व सेवाओं का सत्यापन करते हुये सेवा पुस्तिका सहित अन्य अभिलेख मूल प्रति पत्रावली में रक्षित है, जिसमें शासन के शासनादेश संख्या 17/2019/सा–3–346/



वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

दस–2019–933 / 89, दिनांक 30 अप्रैल, 2019 के साथ संलग्न सेवा निवृत्तिक लाभों के लिए सेवाओं को जोडे जाने हेतु प्रारूप पत्र में दिनांक पूर्व में दिनांक 20.12.1999 से 02.08.2004 प्रवक्ता, मेरठ कालेज, मेरठ एवं 02.08.2004 से 05.02.2007 तक रीडर पद पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की सेवाऐं सत्यापित कर प्रेषित की गई है । उक्त प्रस्ताव शासनादेश सं0 CM-64/12-8-98-4001/95] दिनांक 16 सितम्बर, 1998 में वर्णित व्यवस्था कृषि विश्वविद्यालयों के शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा विश्वविद्यालय में आने से पूर्व अन्यत्र की गई सेवाओं की गणना पैन्शन हेतु अगणित किये जाने के सम्बन्ध में के बिन्दु सं0 02 में दी गई व्यवस्था ''जिन संस्थाओं की पूर्व में की गई सेवायें पेंशन हेतु जोड़ी जानी हो वह सेवा पेन्शनेबुल हो तथा पैन्शन देने का दायित्व राज्य सरकार का हो, का निर्देश दिया गया है'' ।

अतः माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से डा0 पुष्पेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, (जैव प्रौद्योगिकी), जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा पूर्व में दिनांक 20.12.1999 से दिनांक 02.08.2004 तक प्रवक्ता, मेरठ कालेज, मेरठ एवं दिनांक 02.08.2004 से दिनांक 05.02.2007 तक रीडर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पद पर दी गयी सेवाओं अर्थात कुल बाह्य सेवाकाल दिनांक 20.12.1999 से दिनांक 05.02.2007 तक को पेंशन आगणन हेतु अर्ह सेवा के निमित्त आगणित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 62.4 : विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 95वीं बैठक दिनांक 15.09.2025 में लिये गये/जाने वाले निर्णयों पर अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 95वीं बैठक दिनांक 15.09.2025 में लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के 18वें दीक्षांत समारोह में छात्र/छात्राओं को प्रदान किये जाने वाले मेडलों पर विस्तारपूर्वक मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 62.5 : विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व में निर्मित टाईप–द्वितीय के 36 आवासों को छात्रों के रहने के दृष्टिगत हॉस्टल के रूप में परिवर्तित कर विकसित किये जाने हेतु सम्बन्धित आवासों में मरम्मत एवं अनुरक्षण तथा रंगरोगन का कार्य उ0प्र0 शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में पूर्व में कार्मिकों हेतु निर्मित टाईप–द्वितीय के 36 आवासों को छात्रों के रहने के दृष्टिगत हॉस्टल के रूप में परिवर्तित कर विकसित किये जाने हेतु सम्बन्धित आवासों में मरम्मत एवं अनुरक्षण तथा रंगरोगन का कार्य उ0प्र0 शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से अनुमानित लागत रू0 45.18 लाख के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में सम्पादित कराये जाने हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः प्र0अ0, मरम्मत एवं अनुरक्षण/वित्त नियन्त्रक)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गयेः—

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में Diploma in Veterinary Pharmacy एवं Diploma in Veterinary Science के कोर्स प्रारम्भ करने के प्रयास किये जाये। जिससे कि इन डिप्लोमा कोर्सों को ग्रहण करने के उपरांत युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। इस सम्बन्ध में अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा भी अभिमत व्यक्त किया गया कि प्रदेश में पशुपालन विभाग में डिप्लोमा स्तर के फार्मासिस्ट इत्यादि स्तर के काफी पद रिक्त चल रहे है। वर्तमान में इनकी भर्ती आयोग के माध्यम से सम्पादित की जाती है। इस प्रकार के डिप्लोमा कोर्सेज प्रारम्भ करने से छात्रों को रोजगार के अवसर एवं विश्वविद्यालय को आर्थिक लाभ भी होगा।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण /अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महा0)**

2. श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा गैर–शैक्षणिक स्तर के पदों की नियुक्ति विश्वविद्यालय स्तर पर ही सम्पादित की जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के गैर–शैक्षणिक स्तर के पदों की नियुक्ति की प्रक्रिया आयोग के माध्यम से की जा रही है। साथ ही इन रिक्त पदों पर नियुक्ति



वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

की प्रक्रिया में तीव्रता लाने हेतु शासन से अनुरोध किया जायेगा।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

**3.** श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय में रिक्त चल रहे लेखाधिकारियों के पदों पर नियुक्ति/पदोन्नति के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन को पत्र प्रेषित किया जाये। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु भी उ0प्र0 शासन को पत्र प्रेषित किया जाये।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/वित्त नियन्त्रक)**

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

**(पंकज कुमार चतुर्वेदी)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

अनुमोदित

**(डा0 के0के0 सिंह)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ